UPBS120004702021

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

**पीठासीन अधिकारी–** (DIKSHA AGARWAL), (उ०प्र० न्यायिक सेवा)– UP03335

मूलवाद सं० 369/2021

श्रीमती मीरा देवी बनाम अनिल कुमार आदि

**05.12.2022**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पक्षकारों द्वारा वादबिन्दुओं के विरचन पर बल दिया गया। दौरान तर्क पक्षकारों से सुलह समझौते के बारे में पूछा गया, किन्तु अस्वीकार किए जाने की दशा में उभयपक्ष के अभिवचनों के आधार पर निम्नलिखित वादबिन्दु विरचित किए गए –

01. क्या वादीगण प्रश्नगत दस्तावेज बैनामा दिनांकित 09.08.1990, जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 10.10.1990 को हुई है, को मंसूख करा पाने के अधिकारी हैं?
02. क्या वादीगण विवादित आराजियात वर्णित सम्पत्ति सूची 'ब' प्रदर्शित वादपत्र के मालिक व काबिज हैं?
03. क्या वाद अल्पमूल्यांकित है?
04. क्या वादीगण द्वारा प्रदत्त न्यायशुल्क अपर्याप्त है?
05. क्या दावा वादीगण अत्यधिक कालबाधित है?
06. क्या प्रस्तुत वाद की सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को प्राप्त है?
07. क्या वादीगण किसी अन्य अनुतोष को पाने के हकदार हैं?

उपरोक्त वादबिन्दुओं के अलावा न तो कोई वादबिन्दु बनता है, न ही पक्षकारों द्वारा किसी अन्य वादबिन्दु के विरचन पर बल दिया गया है। पत्रावली वास्ते निस्तारण वादबिन्दु सं० 3 व 4 दिनांक 20.01.2023 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।